53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 16.9°c
अधिकतम 31.6 °c

**अमृतवाणी**

परीक्षाएं जीवन में कई सारी आएंगी पर जो उनसे डरा नहीं और हर परीक्षा में सफल होता है, वही जीतता है।

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

भाजपा सरकार परिवारवाद से नहीं, पूरे राज्य को परिवार मानकर काम करती है : योगी



जिनको परिवार ही की चिन्ता है..... वो अभी बद हवास फिरते हैं.....


सूर्योदय - 6:21, सूर्यास्त - 5:47

वर्ष : 53/अंक : 286 बृहस्पतिवार, 16 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये कुल पृष्ठ-4










53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 16.9°c अधिकतम 31.6 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:21, सूर्यास्त - 5:47 वर्ष : 53/अंक : 286 बृहस्पतिवार, 16 अक्टूबर 2025 कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



**अमृतवाणी**

परीक्षाएं जीवन में कई सारी आएंगी पर जो उनसे डरा नहीं और हर परीक्षा में सफल होता है, वही जीतता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

भाजपा सरकार परिवारवाद से नहीं, पूरे राज्य को परिवार मानकर काम करती है : योगी



जिनको परिवार ही की चिन्ता है..... वो अभी बद हवास फिरते हैं.....

# लम्बे समय बाद बुलेटिन व प्रशासन का प्रयास लाया रंग

**अब मूड से नहीं रूट से चलेंगी ई-रिक्शाएं**

**मुजफ्फरनगर, 15 अक्टूबर (बु.)।** लगभग दो वर्ष पूर्व मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा अवैध ई-रिक्शाओं को हटाने का मुद्दा व उनके रूट निर्धारित करने की पहल की गयी थी। नेताओं के कानों पर जूं ना रेंगने के बाद बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा प्रदेश के सीएम योगी आदित्याथ से शहर में फैल रही कुकुरमुत्ते जैसी अवैध ई-रिक्शा खत्म करने की बात कही गई थी। सीएम ने उक्त मामले में संज्ञान लेते हुए आश्वस्त किया था कि जल्द ही मामले का निराकरण होगा। अब एसएसपी संजय कुमार वर्मा व एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे ने तीन महीने तक मशक्कत कर ई-रिक्शा चालकों को सख्त हिदायत दी तो शहर में आज से रूट तय करके रिक्शाएं चलाई गई। एसएसपी संजय कुमार वर्मा व एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे ने मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संवाददाता से बात करते हुए बताया कि तीन महीने की मशक्कत जरूर हुई है, मगर उनका संकल्प था कि शहर को जाम से निजात दिलाई जायेगी। उस संकल्प को पूरा करते हुए आज एक हजार ई-रिक्शाएं रूट पर चलनी शुरू हो गयी। इन सभी ई-रिक्शा चालकों के पास कागज, लाइसेंस आदि सबकुछ मौजूद है। एसपी ट्रैफिक ने यह भी बताया कि शहर के अन्दर जो भी ई-रिक्शा चालक बिना रूट के चलेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। दीपावली के बाद इन ई-रिक्शाओं पर रंग कर दिया जायेगा और नम्बर सभी ई-रिक्शा चालकों बांटे जायेंगे। प्रशासन की शानदार पहल पर बुलेटिन ने एसपी ट्रैफिक व एसएसपी को उक्त कार्य के लिए बधाई दी है, क्योंकि पिछले 10 सालों से अवैध ई-रिक्शाओं से कोई निजात नहीं दिला पाया था। प्रशासन की दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते यह कामयाबी हासिल हुई है। इसके लिए वास्तव में प्रशासन बधाई का पात्र है।





## नगर क्षेत्र में यातायात पुलिस ने बनाए पांच रूट, रहेगी सख्ती

**बदले मार्ग से अलग संचालन पर होगी कड़ी कार्रवाई**

**मुजफ्फरनगर, 15 अक्टूबर (बु.)। नगरीय क्षेत्र में यातायात पुलिस ने जाम और अनाधिकृत रूप से ई-रिक शा संचालन रोकने के लिए शहर में 5 रूट तय किए हैं, जिनका आवंटन पूर्व में पुलिस लाइन परिसर में लॉटरी के जरिए किए जाने के बाद बुधवार को हरी झंडी दिखाकर इस पर अमल की पहल शुरू कर दी। ई-रिक्शा संचालन की बदली व्यवस्था में अब इन्हीं तय रूटों पर ई-रिक शा का संचालन हो सकेगा।**

**रूट संख्या 01 (रिंग रोड, लाल पट्टी)** के तहत रोडवेज बस अड्डा, प्रकाश चौक, महावीर चौक, मीनाक्षी चौक, फक्करशाह चौक, शामली रोड अड्डा, पुलिस चौकी, हनुमान चौक, आबकारी चौकी, बकरा मार्किट, नावल्टी चौक, अस्पताल चौक, घास मंडी तिराहा, अंसारी रोड, मालवीय चौक , रेलवे स्टेशन और रोडवेज बस स्टैंड चयनित किया गया है।

**लिंक रूट-2 (नीली पट्टी)** **में गुरू नानक ढाबा के सामने से बुढ़ाना रोड, बुढ़ाना रोड पुलिस चौकी,चरथावल मोड़, शनिदेव मंदिर, शामली व चरथावल बस अड्डा, शामली चौकी के सामने से कृष्णापुरी, प्रेमपुरी, खालापार होते हुए मेरठ रोड सुजडू गांव, राणा चौक, वहलना गांव गेट तक आवागमन होगा।**

**लिंक रूट-3 (हरी पट्टी)** मार्ग में महावीर चौक, सरकुलर रोड, सुजडू चुंगी पुलिस चौकी, राणा चौक, वहलना गांव गेट तक, जाट कॉलोनी, परिक्रमा मार्ग, टिकैत चौक, भगीरथ चौक, एटूजेड कॉलोनी, अलमासपुर चौराहा, नई मंडी क्षेत्र, कूकड़ा चौराहा, बालाजी चौक, जानसठ रोड फ्लाईओवर के नीचे, भोपा रोड, विश्वकर्मा चौक तक संचालन होगा।

**लिंक रूट-4 (काली पट्टी)** में मदन स्वीट्स गांधी कॉलोनी, गढ़ी गांव, पचेंडा फ्लाईओवर के नीचे तक, सरवट गांव, मल्हूपुरा, साकेत कॉलोनी के अंदर ब्रह्मपुरी के अंदर, अस्पताल चौक वाया मदनी चौक, बागोवाली कट को छोड़कर रुड़की रोड, मिमलाना रोड, न्याजूपुरा रामलीला टिल्ला, रामपुरी, पाल धर्मशाला, इन्दिरा कॉलोनी, सहारनपुर बस अड्डा, रामपुर तिराहा तक रूट चलेगा।

**लिंक रूट-5 (सफेद पट्टी)** **के अंतर्गत प्रकाश चौक, अंबेडकर चौक, कचहरी झांसी की रानी, टाउनहॉल, बालाजी चौक, सदर बाजार, मालवीय चौक, न्यू आर्यपुरी, शिवचौक, आलू मंडी, रुड़की रोड, नावल्टी चौक तक ई-रिक्शा चलेंगी। इस सेक्टर में 50 ई-रिक्शा चलेंगी और इन पर सफेद पट्टी अनिवार्य होगी।**

## डीएम-एसएसपी ने किया ई-रिक्शा सिस्टम रूट का शुभारंभ

### नई व्यवस्था से सुधरेंगे नगर क्षेत्र के हालात, मिलेगी राहत

**मुजफ्फरनगर, 15 अक्टूबर (बु.)।** नगरीय क्षेत्र की बेपटरी हो चुकी यातायात व्यवस्था को सुचारू करने और मुख्य बाजारों से सड़कों को अतिक्रमणमुक्त बनाने की दिशा में एक नई पहल करते हुए बुधवार को ई-रिक्शा के लिए निर्धारित रूट प्रणाली के तहत इसकी शुरूआत की गई। इस बीच डीएम उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर इस योजना की औपचारिक शुरूआत की। नई व्यवस्था के सुचारू हो जाने के बाद लोगों को गंतव्य पर पहुंचने में राहत के साथ अव्यवस्था से भी मुक्ति मिलेगी, ऐसी संभावनाएं हैं।



नगरीय क्षेत्र में यातायात सुधार के साथ अतिक्रमण व जाम से मुक्ति के पवित्र उद्देश्य से प्रशासन की ओर से बीते 3 माह के गहन अध्ययन, सर्वेक्षण और इससे जुड़ी योजना को धरातल पर लाने के बाद यह रूट व्यवस्था तैयार की गई है। एसपी यातायात अतुल कुमार चौबे के मार्गदर्शन में मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों व आवासीय क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए ई-रिक्शा संचालन के लिए विशेष रूट चिन्हित किए गए हैं। बदली व्यवस्था को लेकर अधिकारियों ने बताया कि नगर क्षेत्र में शुरू हुई यह रूट प्रणाली सिर्फ एक शुरूआत है। अगले चरण में इन तमाम रूटों को रंगों के अनुसार वर्गीकृत करते हुए कलर कोडेड ई-रिक्शा सेवा शुरू की जाएगी, जिससे यात्रियों को उनके गंतव्य के तहत ई-रिक्शा चुनने में आसानी होगी। इसके साथ ही यह व्यवस्था ट्रैफिक को बेहतर बनाएगी, समय की बचत करेगी और यात्रियों की सुरक्षा को भी तय करेगी। बुधवार को एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि इस पहल से न केवल नगरीय क्षेत्र में जाम से राहत मिलेगी, वहीं लोगों को समयबद्ध, सुरक्षित, सुविधाजनक यात्रा का अनुभव भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि मुजफ्फरनगर नगर को ट्रैफिक प्रबंधन एक मॉडल शहर के रूप में स्थापित किया जाए। इस दौरान एआरटीओ विभाग का सहयोग सराहनीय रहा। अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित रूट वाली ई-रिक्शा का उपयोग करें, ताकि यह व्यवस्था सफल हो सके और सभी को इसका लाभ भी मिले। एसपी यातायात अतुल चौबे ने बताया कि बुधवार से शहरी क्षेत्र में ई-रिक्शाओं के संचालन के लिए रूट निर्धारण व्यवस्था को लागू कर दिया गया है। इस व्यवस्था से इतर यदि कोई ई-रिक्शा संचालित होते हुए मिली तो कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि यह पहल नगर की यातायात व्यवस्था को नई दिशा देने की ओर एक मजबूत कदम है, जिससे लोगों को बेहतर और व्यवस्थित यातायात सेवा का अब लाभ मिलेगा।

## भगत सिंह रोड पर कब्जे के लिए भिड़े फड़ दुकानदार, पुलिस ने दौड़ाए

**मुजफ्फरनगर, 15 अक्टूबर(बु.)।** दिवाली से पहले ही भगत सिंह रोड पर फड़ लगाने की होड़ के बीच आज कई दुकानदार आपस में भिड़ गए। इससे वहां अफरातफरी मच गई। सूचना पर पुलिस ने धमकाकर उन्हें वहां से भगा दिया। शहर के व्यस्ततम भगत सिंह रोड के बाजार पर कई दिन पहले ही फड़ वालों की नजर लग गई है। ऐसे में फड दुकानदार इस बाजार में जगह हथियाने के लिए मंगलवार को ही पहुंच गए थे। इन फड़ दुकानदारों ने शिवमूर्ति से लेकर सर्राफा बाजार तक बाजार की बड़ी-बड़ी दुकानों व शोरूम के आगे कपड़े बिछाकर अपने ठिए के लिए जमीन कब्जानी शुरू कर दी थी। हालांकि पुलिस ने कल हल्की कार्रवाई की और थोड़े डंडे फटकार कर उन्हें भगाया तो वे पुलिस के हटते ही फिर वहां जम गए। आज दिन में तो यह दुकानदार शांत रहे, लेकिन शाम होते ही फिर उनमें फड़ के लिए जमीन कब्जाने की होड़ शुरू हो गई। फड कब्जाने के लिए कई दुकानदार आपस में भिड़ गए। इससे वहां अफरातफरी फैल गई। इसके बाद सोई पुलिस जागी और डंडे फटकार कर भिड़े दुकानदारों को भगाया। आज की घटना से अंदाजा हो गया कि इस महंगे बाजार में दुकानें सजाने के लिए फड दुकानदारों में किस तरह का सिर फुटौवल हो सकता है। दिवाली से पूर्व सजावटी सामान, पूजा सामग्री और दूसरे सामान की बिक्री के लिए यह दुकानदार यहां फड़ लगाने को बेचैन हैं। पिछले वर्षों में इन फड़ वालों को बाजार के बीच सड़क पर जगह दी जाती है। यह बाजार सिर्फ दिवाली के लिए लगता है। ऐसे में अभी से यहां जमीन कब्जाने की हरकत से पुलिस भी परेशान है।



## लविश के काले कारोबारी तीन चेलों पर ईडी के छापे

**▸▸ नौ घंटे तक ईडी की टीमों ने कामरान, शौकीन और बिलाल के ठिकानों की तलाशी ली ▸▸ दो चेलों को हिरासत में लेने की भी चर्चा, मोटी नकदी व दस्तावेज कब्जे में लिए ▸▸ खालापार और सूजडू समेत जनपद में ठगी के शिकार लोग गड़ाए रहे छापे पर नजर**

**मुजफ्फरनगर, 15 अक्टूबर (बु.)।** निवेश के नाम पर 210 करोड़ की ठगी के बाद दुबई में छिपकर रह रहे जिले के शातिर लविश चौधरी उर्फ नवाब के चेलों के ठिकानों पर बुधवार को सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम के ताबड़तोड़ छापों से हड़कंप मचा रहा। बताया गया है कि उक्त टीमें इस घोटाले से संबंधित काफी सामान बरामद कर अपने साथ ले गई है। इस बीच खबर है कि विदेश भागे लविश के खिलाफ इंटरपोल द्वारा रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है और उसे जल्द गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। ईडी ने आज लविश के चेलों मंसूरपुर क्षेत्र के नरा गांव में कामरान, शौकीन और बिलाल के घरों पर सुबह छह बजे छापे की कार्रवाई शुरू की। करीब नौ घंटे तक तलाशी के बाद ईडी कई अहम दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर लौट गई। स्थानीय पुलिस को इस छापे की भनक भी नहीं लगने दी गई। ईडी की टीम अपने साथ काफी फोर्स लेकर पहुंची थी, जिसमें अर्ध सैनिक बलों के जवान थे।




मंसूरपुर के नरा का निवासी लविश चौधरी बड़ा शातिर है। उसने लोगों को बिट क्वाइन आदि निवेश और मनी लांड्रिंग के जाल में फंसाकर 210 करोड़ से अधिक एकत्र कर लिए थे। इनमें मुजफ्फरनगर शहर, जनपद और शामली समेत वेस्ट यूपी के कई जिलों के लोगों की रकम फंसी है। लविश के खिलाफ कार्रवाई शुरू होने के बाद यह धन्ना सेठ खून के आंसू रो रहे हैं, क्योंकि उनकी करोड़ों की रकम वापस मिलने की कोई उम्मीद दूर-दूर तक नहीं है। मूलतः गाजियाबाद जिले पसौंडा गांव के निवासी लविश चौधरी उर्फ नवाब करीब एक दशक पहले मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नरा में आकर रहने लगा था। उसने लोगों को रोजगार दिलाने के नाम पर कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र खोला। इसके बाद उसने आनलाइन फोरेक्स ट्रेडिंग का काम शुरू करते हुए बोट ब्रो, एलगोबोट आदि नाम से कंपनियां बनाकर हजारों लोगों को इसमें फंसाया। मोटे मुनाफे का लालच देकर उसने बड़े पैसे वालों की करीब 500 करोड़ से ज्यादा की रकम निवेश के नाम पर अपनी कंपनी में लगवा दी। वह बिटक्वाइन टीएलसी 1.0 और टीएलसी 2.0 के जरिये लोगों को 5-6 प्रतिशत मासिक रिटर्न का लालच देकर रातों रात अमीर बनाने का लालच देता था। ऐसे में खालापार, सूजडू समेत शहर के कई इलाकों व जिले के लोग इसके चंगुल में फंस कर करोड़ों रुपये उसकी फर्मों के हवाले करते रहे। मोटा पैसा अंटी करने के बाद जब उस पर चंगुल कसने की तैयारी शुरू हुई तो वह दुबई में जाकर छिप गया। नवाब चौधरी के काले कारोबार के कारनामे उस समय खुलने शुरू हुए जब ईडी ने उसके एजेंट शामली वाले नवाब हसन समेत दो लोगों को चंड़ीगढ़ में गिरफ्तार कर उनसे काफी जानकारी हासिल की। इसके बाद ईडी की चंडीगढ़ जोनल टीम ने फरवरी में दिल्ली, नोएडा, शामली और रोहतक में छापे मारने के बाद 170 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि फ्रीज की थी। ईडी ने शेल कंपनियों के खातों को भी जब्त किया है । करीब 210 करोड़ के घोटाले की जांच करते हुए ईडी को उसके कुछ और चेलों की जानकारी मिली, जो अभी भी दुबई से उसके इशारों पर काम कर रहे बताए गए हैं। इसके बाद आज सुबह ईडी की कई टीमों ने लगभग छह बजे छह गाड़ियों में सवार होकर मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नरा में लविश के चेलों शौकीन, कामरान और बिलाल के मकान पर एक साथ छापा मारा। लविश के ये खास चेले अब फोरेक्स ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर मोटा लालच देकर लोगों से निवेश करा रहे थे। मोटा पैसा हथियाने के बाद ये लोग नवाबों वाले ठाठ कर करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर रातों रात लाट साहब बन गए थे। ईडी को इनके बारे में काफी सुबूत मिलने के बाद आज अचानक टीम ने नरा पहुंच कर छापेमारी की। सुबह करीब छह बजे से दोपहर बाद लगभग सवा तीन बजे तक ईडी की टीम उनके घरों में अपने मतलब के सुबूतों को खंगालती रही। बताया जाता है कि काफी सुबूतों के साथ शौकीन और बिलाल भी उनके हाथ लग गए। उन्हें हिरासत में लेने की सूचना है। तीसरा चेला कामरान ईडी के हाथ नहीं लग सका। स्थानीय पुलिस को इस छापे के बारे में कोई जानकारी ना दिए जाने के कारण शौकीन और बिलाल की हिरासत की भी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है। इस बीच बताया जाता है कि ईडी की पहल पर इंटर पोल ने दुबई में ठिकाना बनाए बैठे लविश के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है और उसकी गिरफ्तारी के भी प्रयास किए जा रहे हैं। आज छापे की कार्रवाई के बाद जहां गांव में हड़कंप मचा रहा, वहीं लविश के नीचे करोड़ों रुपये दबाए बैठे लोग भी पूरे घटनाक्रम पर निगाह गड़ाए बैठे रहे। हालांकि ईडी की टीम ने पूरी तरह गोपनीयता से अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया और करीब नौ घंटे तक मकानों को पूरी तरह सील कर ना तो वहां किसी को आने दिया और ना वहां से किसी को बाहर जाने दिया। छापेमारी के दौरान परिवारजनों से घंटों पूछताछ हुई। करीब सवा तीन बजे ये टीमें एक साथ वापस रवाना हो गईं। बताया जाता है कि संदिग्ध लेनदेन के सबूत के अलावा एक स्थान पर मोटी नकदी और दस्तावेज जब्त किए गए। बताया गया है कि ईडी को लविश के लिए काम कर रहे दो दर्जन लोगों की जानकारी मिली है जो दमादम विदेश यात्राएं करते रहे हैं।

## एसडीएम सदर, तहसीलदार सहित 10 को नोटिस जारी

**हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद नहीं हटाया अवैध कब्जा**

**प्रयागराज, 15 अक्टूबर (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुजफ्फरनगर जिले में तहसील सदर के ग्राम रामपुर से जुड़े एक भूमि विवाद मामले में अपने आदेश की अवहेलना पर सख्त रुख अपनाते हुए एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल सहित कुल 10 व्यक्तियों को अवमानना नोटिस जारी किया है। उन्हें 19 नवंबर 2025 को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश दिए गए हैं। न्यायमूर्ति नीरज तिवारी की एकलपीठ ने परविंदर कुमार व अन्य बनाम राज्य सरकार अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए। याचिकाकर्ता परविंदर कुमार, सुचेता देवी और विक्रांत ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी कि ग्राम रामपुर, परगना पुरछपार, तहसील सदर स्थित गाटा संख्या 891 की भूमि को लेकर कोर्ट ने 27 अगस्त 2025 को आदेश जारी किया था। लेकिन, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने उस आदेश का पालन नहीं किया। उन्हें भूमि पर कब्जा लेने से रोका गया और कुछ व्यक्तियों (नवनीत व अन्य) ने अवैध अतिक्रमण बनाए रखा। जब वे पुलिस बल के साथ आदेश का अनुपालन कराने गए, तब भी विरोध किया गया और कोर्ट का आदेश निष्प्रभावी कर दिया गया।





कोर्ट के आदेश की जानकारी प्रशासन को दी गई थी, लेकिन उन्होंने सहयोग करने के बजाय अवहेलना की। इस पर कोर्ट ने एसडीएम सदर प्रवीण कुमार द्विवेदी, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौर, नायब तहसीलदार अमित कुमार, लेखपाल धर्मेंद्र शर्मा तथा विकास पुत्र सुरेंद्र सहित कुल 10 प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत से कोर्ट में पेश होने के लिए 19 नवंबर की तारीख निर्धारित की है। नोटिस में कहा गया है कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। मामले के दो प्रतिवादी संख्या 5 से 9 को नोटिस जारी नहीं किया गया है।

## पुलिस ने पकड़े 10 लाख रुपये के अवैध पटाखे, आरोपी को भी किया गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 15 अक्टूबर (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से पटाखों का भंडारण करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से 10 लाख की कीमत के पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दलअसल में बुधवार को शहर कोतवाली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव खांजापुर में नमकीन फैक्ट्री के पास के खाली गोदाम में अवैध रुप से पटाखों के भंडारण को जब्त किया। शहर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया ने बताया कि पुलिस ने मौके पर छापेमारी करते हुए अनमोल बिंदल निवासी कृष्णापुरी थाना शहर कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से दस लाख रुपए के पटाखे बरामद किए है। पटाखों को अवैध रुप से भंडारण कर रखा गया था। अभी तक पुलिस जनपद में डेढ़ करोड़ से रुपए से अधिक के पटाखें जब्त कर चुकी है।








### यूपी पुलिस के डीजीपी ने सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द की

**लखनऊ, 15 अक्टूबर (एजेंसी)। यूपी में तैनात पुलिसकर्मियों की छुट्टियों से जुड़ा बड़ा अपडेट आ गया है। सभी पुलिसकर्मियों के अवकाश तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए हैं। 16 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक दिवाली और छठ पूजा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने यह फैसला लिया है। डीजीपी राजीव कृष्णा की तरफ से आदेश जारी किया है। किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था बिगड़ने ना पाए, इसके लिए पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने का सख्त निर्देश दिया गया है। साथ ही आदेश में यह भी कहा गया है कि केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही छुट्टी दी जाएगी।**

## नेशनल हाइवे पर नील गाय से टकराई कार, महिला की मौत पति व 2 बेटी घायल

**मुजफ्फरनगर, 15 अक्तूबर (बु)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर एक कार नील गाय से टकरा गई। हादसे में कार सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति समेत दो बेटियां घायल हो गई।





परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया और शव को लेकर चले गए। सहारनपुर जनपद के नई मंडी थाना क्षेत्र की अली की चुंगी कालोनी निवासी इसरार मलिक मुरादाबाद जनपद में वुड डिजाइन कंपनी में प्रोडक्शन मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। वह अपनी पत्नी शबाना और दो बेटियों अनम और आफरीन के साथ मुरादाबाद में ही रहते हैं।

मंगलवार शाम को वह अपने परिवार के साथ कार में सवार होकर सहारनपुर आ रहे थे। मंगलवार रात लगभग साढे 12 बजे नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में होटल वेलवेस्टा के निकट पहुंचे तो डिवाइडर फांदकर नील गाय कार से टकरा गई। जिस कारण कार से नियंत्रण बिगड़ गया। हादसे में कार की अगली सीट पर सवार उनकी पत्नी शबाना की मौत हो गई, जबकि इसरार, दोनों बेटियां घायल हो गईं। हादसे की जानकारी मिलते ही नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भिजवाया। थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा ने बताया कि परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया और शव को लेकर चले गए।

